Commission had received demands from its Unions for increasing pay-scales of the employees. In a meeting held on November 5-6, 1971, the matter was discussed by ONGC with the representatives of the recognised Unions and it has been agreed that the Union's demand for revision of pay-scales and increase in fringe benefits be deferred.

### पूना के निकट भारतीय वायु सेना के विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना

853. श्री कमल मिश्र मधुकर :
श्री हरि सिंह :
श्रीमती भार्गवी तनकप्पन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत अगस्त मास के दौरान पूना के निकट भारतीय वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के क्या कारण हैं ; और

(ख) ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कौन से कदम उठाये गये है?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) कम प्रकाश की दशा के कारण विमान अव्यवस्थित पहाड़ी से टकरा गया था ।

(ख) जांच अदालत के द्वारा सुझाए गए उपायों को क्रियान्वित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं ।

### भारतीय अर्थ-व्यवस्था पर डालर बचाओ योजना का प्रभाव

854. श्री कमल मिश्र मधुकर :
श्री पी० एम० मेहता :
श्री पी० गंगादेव :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डालर पर पड़ रहे दबाव को रोकने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने गत अगस्त में कुछ आर्थिक उपाय किये;

(ख) इन आर्थिक उपायों का भारत की अर्थ-व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) स्थिति का मुकाबला करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) से (ग). हाल ही के डालर संकट के परिणामस्वरूप संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने डालर को सोने और अन्य परिसम्पत्तियों में रूपांतरित किया जाना स्थगित करने, कोटे के अन्तर्गत आने वाले आयातों के भिन्न सभी शुल्क आयातों पर 10 प्रतिशत की दर से आयात अधिभार लगाने और विदेशी आर्थिक सहायता में 10 प्रतिशत की कमी करने का निश्चय किया। पहले कदम के परिणामस्वरूप, कुछ अन्य औद्योगिक देशों की मुद्राओं का मूल्य डालर के मुकाबले में प्रभावपूर्ण रूप से बढ़ गया है। चूंकि हमने रुपये के अन्तराष्ट्रीय मुद्रा निधि सम-मूल्य को बनाये रखने का निश्चय किया है, इसलिए इन देशों से किया जाने वाला आयात रुपयों के रूप में महंगा पड़ेगा। और इन देशों को की जाने वाली ऋण परिशोधन सम्बन्धी अदायगियों का भी पहले की अपेक्षा बजट पर कुछ अधिक भार पड़ेगा। सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि के ढांचे के अन्तर्गत, स्थिर आधार पर विनिमय दरों के शीघ्र पुन:समायोजन की आवश्यकता पर बल दिया है।

सहायता में 10 प्रतिशत की कटौती के बारे में लिए गये निश्चय के बाद से बहुत सी घटनाएं घटी हैं और यह बात